कहीं भी अन्यत्र कार्य नहीं करते हैं, इस प्रकार का कोई भत्ता न दिये जाने के क्या कारण हैं ?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में उपमंत्री (कुमारी कुमुदबेन एम० जोशी) : (क) और (ख) केन्द्रीय स्वास्थ्य सेवा के केन्द्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना वाले पदों पर कार्यरत डाक्टरों को उनके वेतन के आधार पर 150 रुपये से 600 रुपये तक का प्रैक्टिस बन्दी भत्ता दिया जाता है। नर्सों फार्मासिस्टों आदि जैसे पैरा-चिकित्सा स्टाफ को ऐसा कोई भत्ता नहीं दिया जाता।

केन्द्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना में औषधि विक्रेताओं के लिये पदोन्नति संबंधी अवसर

397. **श्री राम पूजन पटेल :** क्या स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि केन्द्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना में नियुक्ति के बाद औषधि विक्रेताओं के लिये पदोन्नति संबंधी कोई अवसर नहीं है और औषधि विक्रेता के रूप में नियुक्त व्यक्ति को अन्ततः उसी पद पर अवकाश प्राप्त करना पड़ता है जबकि अन्य पदों पर नियुक्त व्यक्तियों के संबंध में इस स्थिति में काफी अन्तर है ;

(ख) यदि नहीं, तो केन्द्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना में नियुक्त औषधि विक्रेताओं को कौन-कौन से पदोन्नति के अवसर सुलभ हैं ; और

(ग) सरकार इन पदों पर नियुक्त व्यक्तियों के लिये निकट भविष्य में कौन-कौन से अवसर प्रदान करने का विचार रखती है ?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में उपमंत्री (कुमारी कुमुदबेन एम० जोशी) : (क) से (ग) पात्र फार्मासिस्टों को पदोन्नति के कुछ अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से चयन ग्रेड की व्यवस्था की गई है। दिल्ली से बाहर सहायक भंडार अधीक्षकों के भी कुछ पद हैं जिन पर पात्र फार्मासिस्टों को पदोन्नत किया जा सकता है। चौथे वेतन आयोग की रिपोर्ट मिल जाने के बाद ही पदोन्नति के किसी अवसर पर विचार किया जा सकता है।

Railway offices in rented buildings

398. SHRI RAM PUJAN PATEL: Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state:

(a) whether it is a fact that the various offices of the Ministry of Railways and its Subordinate Offices/Departments are housed in rented buildings in Delhi and outside Delhi;

(b) if so, what are the names of each office and the monthly rent of each building occupied by these offices along with the date of occupation;

(c) whether it is a fact that the Ministry of Railways are not willing to shift such offices from rented buildings to Government buildings; if so, what are the reasons therefor; and

(d) if not what steps have been taken so far to shift these offices from rented buildings to lessen the burden on the exchequer?

THE MINISTER OF RAILWAYS (SHRI A. B. A. GHANI KHAN CHOUDHURY): (a) to (d) Sir, information is being collected and will be laid on the table of Sabha.